होम क्रेडिट ने शियाओमी मोबाइल पर पेश किए ईएमआई फाइनेंस विकल्प

नई दिल्ली, जेएनएन। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने नाऊ यू केन के अपने ब्रांड वादे को बरकरार रखते हुए शियाओमी के अग्रणी मॉडलों पर आकर्षक ईएमआई फाइनेंस विकल्पों की पेशकश करने के लिए शियाओमी के साथ गठबंधन किया है। इस आकर्षक पेशकश के तहत होम क्रेडिट के ग्राहक शियाओमी के प्रौद्योगिकी के तौर पर उन्नत मोबाइल फोन के मालिक बन सकेंगे। इस साझेदारी के जरिये कंपनी ने अपने ग्राहकों को शियाओमी स्मार्टफोन की पेशकश करने का लक्ष्य रखा है जिससे ग्राहक अपने सपनों का स्मार्टफोन खरीद सकें और अपनी आकांक्षाएं पूरी कर सकें।